Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to expedite construction of Ahmedabad-Himmatnagar stretch of NH-8 passing through Ahmedabad East Parliamentary Constituency, Gujarat-laid.

श्री हँसमुखभाई एस. पटेल (अहमदाबाद पूर्व): अहमदाबाद-हिम्मतनगर राजमार्ग के बेहतरीन विकास के लिए सड़क एवं परिवहन मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ| यह कार्य सड़क एवं परिवहन मंत्रालय के गतिशील नेतृत्व में ही संभव हो पाया है ।

अहमदाबाद - हिम्मतनगर राष्ट्रीय राजमार्ग - 8 मेरे निर्वाचन क्षेत्र अहमदाबाद पूर्व से गुजरता है, लेकिन वर्तमान में ठेकेदार द्वारा उपरोक्त कार्य में किसी कारणवश देरी हो रही है । अधूरे काम के चलते ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।

अतः मैं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से अनुरोध करता हूं कि मामले को देखें और समस्या का समाधान करें ।